(3

# कार्यालय, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, भोजपुर वन प्रमण्डल, आरा।

कानन कोठी, धनुपरा, आरा, पिन–802301, E-mail -dfobhojpurfdivision@gmail.com

पत्रांक– ................../

प्रेषक,

राज कुमार. एम., भा0व0से0
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
भोजपुर वन प्रमण्डल, आरा।

सेवा में,

परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग,
प्राधिकरण, परियोजना कार्यान्वयन इकाई पटना,
क्लासिकॉन शिवमिश्रा, विवेकानन्द मार्ग,
बेरिंग रोड, पटना– 800013
Email.—patna@nhai.org/nhaipatna@gmail.com

दिनांक ............/........../2022

विषय :– भारतमाला परियोजना के तहत् भोजपुर जिलान्तर्गत आरा–सासाराम (सकलास–पतरा) (40. 45–54.30Km) पथांश चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत् 22.716 हे. वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव।

प्रसंग :– अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा एवं वन संरक्षण संभाग)–सह–नोडल पदाधिकारी (वन संरक्षण), बिहार के कार्यालय का पत्रांक व0स0/106/2022–817 दिनांक 09.09.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा विषयगत मामले से संबंधित वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के अंतर्गत वन भूमि अपयोजन से संबंधित प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। जिसके द्वारा प्रस्तावित परियोजना का जॉच कर भाग– II मे प्रविष्ट करते हुए उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है।

उल्लेख करना प्रासंगिक है कि प्रस्तावित परियोजना के प्रस्ताव के समीक्षा करने पर ज्ञात हुआ की आलोच्य स्थल पर कुल 11152 वृक्ष अवस्थित है। वन विभागीय अधिसूचना सं0– 682 दिनांक 01. 10.2019 द्वारा वृक्ष सुरक्षा योजना TPP प्रयोक्ता एजेंसी के द्वारा तैयार किया जाना है जिनका सारणी निम्नवत् है:–

| Sl No | Chanage (in M) | Offsit | | वृक्षों की गोलाई | पुनर्स्थापन | पतन | यथास्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | LHS | RHS | | | | |

प्रस्तावित परियोजना में अपयोजित होने वाली वन भूमि के लिए Typical road Cross Section FRA 2006 आपके स्तर से समर्पित किया जाना अपेक्षित है। जिला पदाधिकारी, भोजपुर से FRA 2006 प्रमाण–पत्र प्राप्त किया जाना है। इस हेतु FRA 2006 प्रमाण–पत्र के भाग–I में आवश्यक विवरणी अंकित कर आपके स्तर से इस कार्यालय में समर्पित करना अपेक्षित है। प्रस्तावित परियोजना का संयुक्त रूप से

8

स्थलीय भ्रमण किया जाना है। इस हेतु वनों के क्षेत्र पदाधिकारी, आरा वन प्रक्षेत्र, आरा (मो0 सं0– 8789345413) को स्थल भ्रमण हेतु निर्देशित किया जा रहा है। कृपया विभागीय प्रतिनिधि से सम्पर्क स्थापित कर स्थलीय भ्रमण पूर्ण करते हुए संयुक्त रूप से वृक्ष गणना सूचि तैयार कर इस कार्यालय में समर्पित की जाय।

प्रस्ताव से संबंधित अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 30.09.2022 समय 1:00 Pm को प्रमण्डलीय कार्यालय में वृक्ष सुरक्षा योजना (TPP) के संबंध संयुक्त बैठक निर्धारित की गई है।

अतः अनुरोध है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रस्ताव से संबंधित वृक्ष सुरक्षा योजना के अभिलेख के साथ उपस्थित रहेंगे।

विश्वासभाजन

ह0/–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
भोजपुर वन प्रमण्डल, आरा।

ज्ञापांक 1789/ दिनांक 28.09.2022/

प्रतिलिपि वनों के क्षेत्र पदाधिकारी, आरा वन प्रक्षेत्र, आरा को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निर्देश है कि प्रस्तावित स्थल का प्रयोक्ता एजेंसी (मो0 नं0 9939812515, 7542020504) से सम्पर्क स्थापित कर संयुक्त निरीक्षण करते हुए विस्तृत जॉच प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे एवं निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर बैठक में भाग लेंगे।

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
भोजपुर वन प्रमण्डल, आरा।

28/09/2022

o/c

D:\2022\Petrol Pump\Letter\28-09-2022 (1).docx

5

# कार्यालय, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, भोजपुर वन प्रमण्डल, आरा।

कानन कोठी, धनुपरा, आरा, पिन–802301, E-mail -dfobhojpurfdivision@gmail.com

पत्रांक– ..................../

प्रेषक,

राज कुमार. एम., भा0व0से0
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
भोजपुर वन प्रमण्डल, आरा।

सेवा में,

परियोजना निदेशक,
भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण,
परियोजना कार्यान्वयन इकाई पटना,
क्लासिकॉन शिवमित्रा, विवेकानन्द मार्ग,
बोरिंग रोड पटना– 800013
Email- Patna@nhai.org/nhaipatna@gmail.com

दिनांक ............/........../2022

विषय :– भारतमाला परियोजना के तहत् भोजपुर जिलान्तर्गत आरा–सासाराम (सकलास–पतरा) (40.45–84.30 Km) (Lot7/Package2) पथांश चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत–22.716 हे0 वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव।

प्रसंग :– इस कार्यालय का पत्रांक 1789 दिनांक 28.09.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में सूचित करना हैं कि आपके द्वारा समर्पित प्रस्ताव पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 30.09.2022 को प्रमण्डलीय कार्यालय में संयुक्त बैठक निर्धारित किया गया था, परन्तु उक्त तिथि को आपके प्रतिनिधि कोई भी व्यक्ति उपस्थित नहीं हुए। पुनः प्रस्ताव से संबंधित अगली बैठक दिनांक 12.10.2022 को समय 01:00 बजे अपराहन् में निर्धारित किया जाता है।

अतः अनुरोध हैं कि निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रस्ताव से संबंधित सभी अभिलेख के साथ बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन
–ह0/–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
भोजपुर वन प्रमण्डल, आरा।

ज्ञापांक ......1861........../ दिनांक.....8/10/2022../

प्रतिलिपि वनों के क्षेत्र पदाधिकारी, आरा वन प्रक्षेत्र, आरा को इस कार्यालय का पत्रांक 1789 दिनांक 28.09.2022 के संदर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निर्देश दिया जाता है कि वांछित स्थलीय जाँच प्रतिवेदन के साथ बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करेंगें।

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
भोजपुर वन प्रमण्डल, आरा।

08/10/2022

E:\2022\Chorikaran\07-10-2022.docx

जल शक्ति अभियान–संचय जल, बेहतर कल

10

# कार्यालय, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, भोजपुर वन प्रमण्डल, आरा।

कानन कोठी, धनुपरा, आरा, पिन–802301, E-mail -dfobhojpurfdivision@gmail.com

पत्रांक– 2276 /

प्रेषक,

राज कुमार. एम, भा0व0से0
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
भोजपुर वन प्रमण्डल, आरा।

सेवा में,

परियोजना निदेशक,
भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग,
प्राधिकरण परियोजना कार्यान्वयन इकाई, पटना,
क्लासिकॉन शिवमित्रा, विवेकानन्द मार्ग,
बोरिंग रोड, पटना 800013
Email. Patna@nhai.org/nhaipatna@gmail.com

दिनांक 12 / 12 / 2022

विषय :– भारतमाला परियोजना के तहत् भोजपुर जिलान्तर्गत आरा–सासाराम (सकलास–पतरा) (40.45–84.30 कि0मी0) पथांश चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत् 22.716 हे0 वन भूमि अपयोजन हेतु अभिलेख उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंग :– प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार (कैम्पा एवं वन संरक्षण संभाग), बिहार, पटना का पत्रांक व0सं0/106/2022–817 दिनांक 09.09.2022 एवं इस कार्यालय का पत्रांक 1789 दिनांक 28.09.2022, 1861 दिनांक 08.10.2022, ज्ञापांक 1911 (a) दिनांक 14.10.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों का कृपया अवलोकन करना चाहेंगे, जिसके विषयाधीन पथांश के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का प्रस्ताव प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार (कैम्पा एवं वन संरक्षण संभाग), बिहार, पटना का पत्रांक व0सं0/106/2022–817 दिनांक 09.09.2022 द्वारा प्राप्त हुआ है। प्रस्ताव से संबंधित स्थलीय जॉच कर भाग–II में प्रविष्ट कर प्रस्ताव वन संरक्षक, पटना अंचल, पटना को समर्पित किया जाना है। इस हेतु प्रासंगिक पत्रों द्वारा विषयगत मामले से संबंधित निम्नांकित अभिलेख की मॉग की गई थी।

1. वृक्ष सुरक्षा योजना।
2. वृक्ष गणना सूचि।
3. Typical Cross section of proposed road
4. वनाधिकार अधिनियम, 2006 (FRA 2006) से संबंधित प्रमाण–पत्र।

01 से 04 तक अंकित अभिलेख अभी तक अप्राप्त है, जिसके कारण स्थल निरीक्षण अपूर्ण रहा।

अतः अनुरोध है कि पत्र की कंडिका 01 से 04 तक की गई पृच्छाओं का अनुपालन प्रतिवेदन 03 दिनों के अन्दर इस कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे ताकि प्रस्ताव से संबंधित अग्रेतर कार्रवाई की जा सके। अन्यथा प्रस्ताव वापस लौटाने की कार्रवाई की जायेगी।

विश्वासभाजन

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
भोजपुर वन प्रमण्डल, आरा।

D:\2022\Chaudikaran\Letter\12-12-2022(1).docx